कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार )
**EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION**
**(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)**

क्षेत्रीय कार्यालय/ **REGIONAL OFFICE,**
पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-**208005**
**PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005**
**Phone: 0512-2217957**
**Email:** rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-ए-24/12/1/एम.टी.एस./1/2024-स्था. दिनांक – 25-09-2025

## परिपत्र

उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष **2024** की दिनांक-**31.12.2024** की स्थिति के अनुसार ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची इस आशय के साथ परिचालित की जा रही है कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र के समस्त उप क्षेत्रीय कार्यालय/ कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के सभी शाखाधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अंतर्गत आने वाले सभी शाखा कार्यालयों/औषधालय सह शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधक/प्रभारी अपने अधीनस्थ मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के समस्त कार्मिकों को इसका अवलोकन करा दें तथा इसकी पुष्टि हेतु हस्ताक्षर प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग की उपरोक्त वरिष्ठता सूची DoPT व मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार निम्नानुसार तैयार की गई है–

1. मल्टी-टास्किंग संवर्ग के कार्मिकों की वरिष्ठता DoPT पत्र सं. **200 11/2/2019-Estt.(D)**, दि. **13.08.2021** के अनुसार तैयार की गई है।
2. अंतर्क्षेत्रीय स्थानांतरण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यग्रहण करने वाले कार्मिकों की परस्पर वरिष्ठता मुख्यालय के पत्र सं. A-33/19/1/IRT/2020-E.II दि. 20.01.2021 के अनुसार निर्धारित की गई है।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची में क्रम सं. 1 से 159 तक के कार्मिकों के संबंध में वरिष्ठता पहले ही अंतिम रूप से निर्धारित की जा चुकी है, किन्तु सेवा-पुस्तिका व व्यक्तिगत पत्रावली में उपलब्ध विवरण के अनुसार कार्मिकों के विवरण में संशोधन किया गया है, अतः क्रम सं. 1 से 159 तक के कार्मिकों के विवरण के संबंध में तथा क्रम सं. 160 से 180 के कार्मिकों के संदर्भ में वरिष्ठता/ विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल anurag.kumar@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर दि. 03.10.2025 को सायं 05:00 बजे तक इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें अन्यथा विलम्ब से प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वरिष्ठता सूची को अंतिम मान लिया जाएगा।

उप क्षेत्रीय कार्यालय/कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय द्वारा विवरण के संबंध में अभ्यावेदन/ आपत्ति अग्रेषित करते समय संबंधित साक्ष्य (सेवा पुस्तिका/ कार्यालय आदेश की सत्यापित प्रति) संलग्न की जानी आवश्यक है।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची में क्रम सं. 1 से 159 तक के कार्मिकों के संबंध में वरिष्ठता के संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची वेबसाइट www.esic.gov.in पर भी उपलब्ध है।

संलग्नक: यथोपरि ।

Digitally signed by
Anurag Kumar
Date: 25-09-2025
09:20:17

(अनुराग कुमार)
उप निदेशक (स्थापना-1)

प्रतिलिपि :-

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय, के निजी सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ।
2. संयुक्त निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं

आवश्यक कार्रवाई हेतु।

3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. डीन, क.रा.बी. निगम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल वाराणसी।
5. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
6. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
7. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग की ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची की प्रति विषय “DRAFT SENIORITY LIST OF MULTI TASKING STAFF POSTED IN U.P. REGION for Year 2024 (as on 31.12.2024)” के साथ वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें।
8. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड।